भारत सरकार **राज्य सभा**
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय **तारांकित प्रश्न सं.248**

दिनांक 29 अगस्त, 2012 को उत्तर दिए जाने के लिए

एम॰एम॰टी॰सी॰ के अधिकारियों के विरुद्ध
भ्रष्टाचार के आरोप के मामले

***248. श्री डी॰ बंदोपाध्यायः क्या वाणिज्य और उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

(क) क्या सरकार का ध्यान अगस्त, 2012 के ''ब्यूरोक्रेसी टुडे'' की ओर दिलाया गया है जिसमें ''एम॰एम॰टी॰सी॰ ट्रेडिंग कार्पोरेशन'' शीर्षक के अंतर्गत एक लेख में दस वरिष्ठ अधिकारियों के विरुद्ध भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार उन्हें इन आरोपों से मुक्त करने अथवा उन आरोपों की जांच करने के लिए यथोचित कार्यवाही शुरू करने के संबंध में क्या कार्यवाही करने का विचार रखती है?

उत्तर

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री ज्योतिरादित्य मा0 सिंधिया)

(क) जी, हाँ ।

(ख) एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है ।

"एमएमटीसी के अधिकारियों के विरूद्ध भ्रष्टाचार के आरोप के मामलों " के संबंध में दिनांक 29/08/2012 को उत्तरार्थ तारांकित प्रश्न सं. 248 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

वाणिज्य विभाग द्वारा एमएमटीसी के बोर्ड-स्तर के अधिकारियों के संबंध में विभाग में प्राप्त सभी शिकायतों पर समुचित कार्रवाई की गई है । जिन मामलों में अंतिम निर्णय ले लिया गया है, उन मामलों में वाणिज्य विभाग ने सीवीसी के परामर्श से उन व्यक्तियों पर शास्तियाँ अधिरोपित की हैं जिन पर विभागीय अनुशासनिक कार्रवाई के माध्यम से लगाए गए आरोपों की पुष्टि की गई थी । कुछेक मामलों में आपराधिक अभियोग भी लगाए गए हैं । एमएमटीसी ने एमएमटीसी के बोर्ड स्तर के नीचे के अधिकारियों के संबंध में भी इसी प्रकार समुचित कार्रवाई की है ।

.....